76

''और वह चला गया''

(2)

बाइबल पाठ #32

VII. यीशु की सेवकाई का अन्तिम सप्ताह (क्रमश:)।

ड. मंगलवार: ''प्रश्नों का बड़ा दिन'' (क्रमश:)।

7. यरूशलेम के विनाश और द्वितीय आगमन पर प्रेरितों को संदेश (क्रमश:)।

ख. यरूशलेम के विनाश पर शिक्षा (क्रमश:)।

(2) यरूशलेम के विनाश से जुड़ी घटनाएं (मत्ती 24:15-35; मरकुस 13:14-31; लूका 21:20-36)।

ग. द्वितीय आगमन पर शिक्षा।

(1) सामान्य शिक्षा

(क) बिना घोषणा के द्वितीय आगमन (मत्ती 24:36-41; मरकुस 13:32)।

(ख) तैयार रहने की आवश्यकता (मत्ती 24:42-51; मरकुस 13:33-37)।

परिचय

पिछले पाठ में हमने मत्ती 24 और मरकुस तथा लूका में इससे सम्बन्धित आयतों का अध्ययन किया था। हमने मत्ती 24:4-14 में देखा था, जहां लड़ाइयों, प्राकृतिक आपदाओं, सताव और ऐसी बातों के बारे में बताया गया है। ये आयतें प्रभु की वापसी का समय तय करने का दृढ़ निश्चय कर चुके लोगों की पसन्दीदा हैं। वे संकट का संदेश देने वाले शीर्षकों की ओर ध्यान दिलाते और घोषणा करती हैं, ''प्रभु का आना निकट है!'' ये भविष्यवाणियां बताने वाले दो बातें भूल जाते हैं कि:

(1) ये चिह्न भी अन्त के चिह्न नहीं, बल्कि (जैसा पिछले पाठ में कहा गया था) ''अचिह्न'' हैं। वे आज ही शुरू नहीं हुए। पहली सदी में भी हुए थे, दूसरी में, तीसरी में और होते रहते हैं। वे आने वाले विश्वव्यापी विनाश के पक्के संकेत *नहीं* हैं।

(2) यह विषय जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं, अध्याय के पहले भाग में द्वितीय आगमन नहीं, बल्कि यरूशलेम के विनाश का है।[1] मत्ती 24:4-15 को द्वितीय आगमन से जोड़ने वाला व्यक्ति संदर्भ को भूल रहा है।

इस पाठ में हम उस ''चिह्न'' का अध्ययन करेंगे, जो प्रभु चाहता *था* कि उसके चेले यरूशलेम के विनाश के बारे में जान जाएं। हम उस विनाश पर मसीह के अपोकलिप्टिक (अर्थात सांकेतिक) विवरण पर भी चर्चा करेंगे। अन्त में, हम द्वितीय आगमन के बारे में पूछे गए उसके चेलों के प्रश्न के उसके उत्तर के आरम्भिक भाग पर विचार करेंगे।

यरूशलेम का विनाश
(मत्ती 24:15-35; मरकुस 13:14-31; लूका 21:20-36)

वास्तविक चिह्न (मत्ती 24:15, 16; मरकुस 13:14क; लूका 21:20)

उन चिह्नों की सूची देने के बाद जो प्रत्यक्ष रूप से यरूशलेम के विनाश से सम्बन्धित नहीं थे, यीशु ने उस चिह्न के बारे में बताया, जिसे उसके अनुयायियों को ढूंढ़ना *चाहिए* था। उसने कहा, ''सो जब तुम उस उजाड़ने वाली घृणित वस्तु को, जिस की चर्चा दानिय्येल भविष्यवक्ता के द्वारा हुई थी, पवित्र स्थान में खड़ी हुई देखो, जो पढ़े, वह समझे। तब जो यहूदियों में हों वे पहाड़ों पर भाग जाएं'' (मत्ती 24:15, 16)। मरकुस के विवरण में ''उजाड़ने वाली घृणित वस्तु को जहां उचित नहीं वहां खड़ी'' है (मरकुस 13:14क)।

सनसनी फैलाने वालों को ''उजाड़ने वाली घृणित वस्तु को जहां उचित नहीं वहां खड़ी'' शब्दों पर अनुमान लगाना बड़ा अच्छा लगता है, पर सुसमाचार के वृत्तांत में परमेश्वर की प्रेरणा से दी गई व्याख्या मिलती है। लूका में इसके समानान्तर पद में, यीशु ने कहा, ''जब तुम *यरूशलेम को सेनाओं से घिरा हुआ* देखो, तो जान लेना कि उसका उजड़ जाना निकट है'' (लूका 21:20)। उस समय यरूशलेम के रहने वाले बहुत से लोगों ने 60 ईस्वी के दशक के अन्तिम वर्षों में रोमी सेनाओं द्वारा यरूशलेम को घिरा देखा।

मसीह ने अपने सुनने वालों को याद दिलाया कि ''उजाड़ने वाली घृणित वस्तु'' की बात ''दानिय्येल भविष्यवक्ता के द्वारा'' कही गई थी। दानिय्येल की पुस्तक में ''उजाड़ने वाली'' और ''घृणित वस्तु'' अलग-अलग रूपों में कई जगह मिलती है (9:26, 27; 11:31; 12:11)। दानिय्येल 11:31 और 12:11 सम्भवतया सिलोकसी राजा, एंटियोकस एपिफेनस की बात है, जिसके प्रयासों के कारण यरूशलेम में मूर्तिपूजक परम्पराओं का आरम्भ हुआ और उससे मक्काबी विद्रोह उत्पन्न हुआ (167 ई.पू.)[2], जबकि 9:26, 27 में प्रत्यक्ष रूप से रोमियों द्वारा यरूशलेम के विनाश की बात कही गई है। दानिय्येल 9 की आयत में यह भविष्यवाणी थी कि नगर और मन्दिर लोगों द्वारा मसीहा को ठुकराने के कारण नष्ट हो जाएगा। इसके कुछ प्रसिद्ध भाग ये हैं: ''... अभिषिक्त पुरुष [अर्थात मसीह] काटा [अर्थात ठुकराया और मार डाला] जाएगा; ... और आने वाले प्रधान की प्रजा नगर और पवित्र स्थान को नष्ट करेगी ...'' (दानिय्येल 9:26)। वेयन जैक्सन ने लिखा है:

> ''घृणित वस्तु जो उजाड़ती है'' अपने सेनापति, टाइटस की अगुआई वाली रोमी

सेना ही थी (''प्रधान''; 9:26ख), जिसने 70 ईस्वी में यरूशलेम को पराजित किया। ...

दानिय्येल द्वारा इस घटना को ''उजाड़ने वाली घृणित'' इसलिए कहा गया क्योंकि दाऊद का नगर रोमी सेना अर्थात अपनी मूर्तिपूजक छवि के कारण *घृणित* रोमी सेना द्वारा *उजाड़ दिया गया* था।[3] ...यहां तक कि यहूदी भी इस बात को समझते थे कि इब्रानी जाति का विनाश दानिय्येल की असाधारण भविष्यवाणी का पूरा होना था। यहूदी इतिहासकार जोसेफस ने लिखा है कि ''दानिय्येल ने रोमी सरकार के बारे में भी लिखा है, और यह कि हमारा देश उनके द्वारा उजाड़ किया जाना आवश्यक है।''

वास्तविक चिह्न आ जाने पर क्या करें (मत्ती 24:16-20; मरकुस 13:14ख-18; लूका 21:21, 23)

''यरूशलेम को सेनाओं से घिरा हुआ'' देखकर यीशु के अनुयायियों के लिए सुरक्षित स्थान पर भाग जाना आवश्यक था (मत्ती 24:16; देखें मरकुस 13:14ख; लूका 21:21क)। मसीह ने कहा, ''जो छत पर हो, वह अपने घर में से सामान लेने को न उतरे और जो खेत में हो, वह अपना कपड़ा लेने को पीछे न लौटे'' (मत्ती 24:17, 18; देखें मरकुस 13:15, 16; लूका 21:21ख)। अन्य शब्दों में, ''यदि तुम नगर में हो, तो अपना पसन्दीदा बैग या सामान लेने के लिए वहां न रुकना। यदि तुम नगर के बाहर हो, तो घर वापस न जाना। यरूशलेम से तुरंत भाग जाना!''

यीशु ने आगे कहा, ''उन दिनों में जो गर्भवती और दूध पिलाती होंगी, उनके लिए हाय, हाय'' (मत्ती 24:19; देखें मरकुस 13:17; लूका 21:23क)। गर्भवती स्त्रियों तथा दूध पिलाने वाली माताओं के लिए छोटे बच्चों के साथ सफ़र करना कठिन होना था।[4] उसने यह भी कहा, ''और प्रार्थना किया करो; कि तुम्हें जाड़े में या सब्त के दिन भागना न पड़े'' (मत्ती 24:20; देखें मरकुस 13:18)। सब्त के दिन नगर के फाटक बन्द होने थे,[5] जाड़े में सफ़र करना कठिन होना था (स्पष्टतया इन विषयों पर मसीही लोगों की प्रार्थनाओं का उत्तर मिला, क्योंकि रोमी लोग बसन्त की ऋतु में आए)।

पिछले पाठ में जो बात कही गई थी, मैं उसे फिर दोहराता हूं: दूसरे आगमन से किसी के स्थान, गर्भवती होने या दूध पिलाने या मौसम या सप्ताह के दिन से क्या सम्बन्ध होना था? कोई नहीं। परन्तु इन सभी बातों को यरूशलेम से भागने के समय महत्वपूर्ण होना था।

मत्ती और मरकुस दोनों ने परमेश्वर की प्रेरणा से एक सम्पादकीय टिप्पणी जोड़ी: ''जो पढ़े, वह समझे या पढ़ने वाला समझ ले'' (मत्ती 24:15; मरकुस 13:14)। इसके बाद का इतिहास बताता है कि आरम्भिक मसीही यीशु के संदेश को समझते *थे* और वे यरूशलेम के विनाश से पहले भाग जाने में सफल हो गए थे। रोमी सेना के आने की बात सुनकर या उसे देखकर कुछ लोग रह गए हो सकते हैं। दूसरों को घेराबन्दी खत्म होने पर भागने का अवसर दिया गया था।

300 ईस्वी के लगभग हुए कलीसिया के एक इतिहासकार यूसबियुस द्वारा एक दिलचस्प कहानी बताई गई थी। कुछ समय के लिए यरूशलेम की घेराबन्दी अस्थाई तौर पर हटा ली गई थी।[6] सम्राट विटेलियुस की मृत्यु हो गई थी और यरूशलेम के विनाश का जिम्मा सेनापति वैसपेसियन का था। रोमी सीनेट ने वैसपेसियन को संदेश भेजा कि वह राज्यपाल विटेलियुस की जगह काम करे। वैसपेसियन के जाने के बाद, आक्रमण के लिए उसके पुत्र टाइटस को सेनापति बनाकर चार्ज दिया गया। आज्ञा के इस परिवर्तन के समय, घेराबन्दी थम गई। यीशु की बातों में भरोसा रखते हुए, मसीही लोगों ने इस अवसर का इस्तेमाल यरूशलेम से भागकर यरदन नदी के पार पेला नगर में जाने के लिए किया। इस प्रकार वे भयंकर विनाश से बच गए। यूसबियुस के अनुसार, घेराबन्दी के दौरान एक भी मसीही को न तो चोट लगी, और न उन में से कोई मरा था।[7]

आने वाली घटना की प्रकृति (मत्ती 24:21-28; मरकुस 13:19-23; लूका 21:22-24)

मत्ती 24 के अगले भाग में यरूशलेम के विनाश का वर्णन है। यीशु ने पहले से देख लिया कि यह भयंकर होगा:

> क्योंकि उस समय ऐसा भारी क्लेश होगा,[8] जैसा जगत में आरम्भ से न अब तक हुआ, और न कभी होगा और यदि वे दिन घटाए न जाते, तो कोई प्राणी न बचता; परन्तु चुने हुओं के कारण[9] वे दिन घटाए जाएंगे (मत्ती 24:21, 22; देखें मरकुस 13:19, 20)।

फिर, उसने कहा,

> ... यह पलटा लेने के ऐसे दिन होंगे,[10] जिन में लिखी हुई सब बातें पूरी हो जाएंगी। उन दिनों में जो गर्भवती और दूध पिलाती होंगी, उन के लिए हाय, हाय, क्योंकि देश में बड़ा क्लेश और उन लोगों पर बड़ी आपत्ति होगी। वे तलवार के कौर हो जाएंगे, और सब देशों के लोगों में बन्धुए होकर पहुंचाए जाएंगे, और जब तक अन्यजातियों का समय पूरा न हो, तब तक यरूशलेम अन्यजातियों से[11] रौंदा जाएगा (लूका 21:22-24)।

ये शब्द अति लग सकते हैं, पर इतिहास बताता है कि वास्तव में यह भविष्यवाणी अक्षरश: पूरी हुई थी।

यरूशलेम की तीन साल तक रुक-रुककर घेराबन्दी होती रही। घेराबन्दी तब शुरू हुई, जब नगर में फसह के लिए यात्रियों की भरमार थी, और जो रोमी सेना के आगे बढ़ने से पहले आए हुए थे। इस घेराबन्दी के दौरान नगर में घिर जाने वाले लोगों ने बचने के भरपूर प्रयास किए।[12] अन्तत: 70 ईस्वी में टाइटस यरूशलेम पर कब्जा करने में सफल हो

गया। जब रोमियों का नगर पर कब्जा हो गया, तो उन्होंने लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया।[13] जोसेफस के अनुसार ''क्रूसों के लिए जगह मिलने और लाशों के लिए क्रूस मिलने'' तक उन्हें प्रताड़ित किया गया और क्रूस पर चढ़ाकर मार दिया गया।[14] और कई हज़ारों को बन्दी बना लिया गया ''सो नगर में या इसके अहाते में एक भी यहूदी जीवित न बचा।''[15]

रोमियों ने मन्दिर सहित नगर को उजाड़कर जला दिया (देखें मत्ती 22:7)। आग से मन्दिर का सोना पिघल गया,[16] और सिपाहियों ने उसे उतारने के लिए ''पत्थर पर पत्थर न'' रहने दिया। यीशु ने कहा था कि ''यहां पत्थर पर पत्थर भी न छूटेगा, जो ढहाया न जाएगा'' (मत्ती 24:2)। ''महत्वपूर्ण बात है कि उस मन्दिर का केवल एक पत्थर, और एक के कुछ टुकड़े, पुराविदों ने पहचाने हैं।''[17] यरूशलेम का विनाश इतनी बुरी तरह किया गया था कि बाद में इसे देखने के लिए आने वालों को विश्वास ही नहीं होता था कि यह नगर कभी आबाद था।[18]

यीशु ने पहले से बता दिया था कि, त्रासदी के बीच में, झूठे मसीह उठ खड़े होंगे, जो झूठी आशा देंगे (मत्ती 24:23-25[19]; मरकुस 13:21-23)। लोगों ने अफ़वाहें फैलानी थीं कि ''वह यहां है'' या ''वह वहां है।'' मसीह ने कहा कि उनकी ''प्रतीति न करना'' (मत्ती 24:26)। अन्त में, जब मसीह वापस आएगा, तो उसके आने की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि अपने आप सब को पता चल जाएगा! ''क्योंकि जैसे बिजली पूर्व से निकलकर पश्चिम तक चमकती जाती है, वैसा ही मनुष्य के पुत्र का भी आना होगा'' (मत्ती 24:27; देखें प्राशितवाक्य 1:7)।[20]

झूठे मसीहों द्वारा दी गई कोई भी आशा झूठी होनी थी, क्योंकि यरूशलेम के विनाश पर मोहर लगा दी गई थी। यहूदी कौम को परमेश्वर की ओर मुड़ने का हर अवसर दिया जाना था, क्योंकि सुसमाचार पहले यहूदियों में ही सुनाया जाना था (रोमियों 1:16); पर परमेश्वर की दया के संकेत ठुकरा दिए जाने थे। यरूशलेम का विनाश इस बात का प्रमाण होना था कि कौम का सम्बन्ध परमेश्वर के साथ खत्म हो गया है। आगे का समय देखते हुए, महान चिकित्सक ने मरीज को मृत घोषित कर दिया, ''जहां लोथ हो, वहीं गिद्ध[21] इकट्ठे होंगे'' (मत्ती 24:28)।

तुरन्त बाद होने वाली चौंकाने वाली घटनाएं
(मत्ती 24:29-31; मरकुस 13:24-27; लूका 21:25-28)

अब हम कठिन अध्याय के सबसे कठिन भाग में आ गए हैं:

> उन दिनों के क्लेश के बाद तुरन्त सूर्य अन्धियारा हो जाएगा, और चान्द का प्रकाश जाता रहेगा, और तारे आकाश से गिर पड़ेंगे और आकाश की शक्तियां हिलाई जाएंगी। तब मनुष्य के पुत्र का चिह्न आकाश में दिखाई देगा, और तब पृथ्वी के सब कुलों के लोग छाती पीटेंगे; और मनुष्य के पुत्र को बड़ी सामर्थ और ऐश्वर्य के

> साथ आकाश के बादलों पर आते देखेंगे। और वह तुरही के बड़े शब्द के साथ अपने दूतों को भेजेगा, और वे आकाश के इस छोर से उस छोर तक, चारों दिशाओं से उसके चुने हुओं को इकट्ठे करेंगे (मत्ती 24:29-31; देखें मरकुस 13:24-27; लूका 21:25-28)।

इन आयतों की शब्दावली द्वितीय आगमन की *लगती* है। यदि, जैसा कि बहुत से लोगों का मानना है, यीशु अपने उपदेश में एक विषय को छोड़कर दूसरे पर आ गया, तो शायद वह उसी की बात कर रहा *था*। परन्तु यदि मत्ती 24:34 में ''ये सब बातें'' वाक्यांश में 29 से 31 आयतें शामिल हैं (जो कि स्वाभाविक रूप से माना जा सकता है), तो मसीह के मन में अवश्य ही कोई और घटना थी।

और सम्भावनाओं की तलाश करते हुए हमें याद रखना चाहिए कि यीशु के यहूदी श्रोता सांकेतिक भाषा से परिचित थे।[22] मत्ती 24:29-31 में प्रयुक्त सभी शब्द (और सम्बन्धित आयतें) बाइबल में कई विनाशकारी घटनाओं के हवाले से दी गई हैं। उदाहरण के लिए, सूरज, चांद और तारों का संकेत राजाओं और राज्यों के पतन का अर्थ देने के लिए दिया गया है (जैसे, आज हम यादगारी अवसरों की बात करने के लिए ''धरती कांप गई'' जैसी बात करते हैं):

- ऐसी शब्दावली बाबुल के विनाश के सम्बन्ध में इस्तेमाल की गई थी (यशायाह 13:1, 9-11)।
- इसका इस्तेमाल एदोम के विनाश की भविष्यवाणी के लिए किया गया था (यशायाह 34:4, 5)।
- इसका इस्तेमाल फिरौन (अर्थात मिसर) को हराने के सम्बन्ध में किया गया था (यहेजकेल 32:2, 7, 8)।[23]

फिर, ''प्रभु का आना'' (या ऐसा ही वाक्यांश) सामान्य रूप में प्रभु के मनुष्यों में अपने उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है:

- परमेश्वर मिस्र का विनाश करने के लिए ''आया'' (यशायाह 19:1)।
- यीशु ने प्रतिज्ञा की कि वह अपना राज्य/कलीसिया बनाने के लिए ''आया'' था (जो कि उसकी मृत्यु, गाड़े जाने और जी उठने के बाद वाले पहले पिन्तेकुस्त पर हुआ था, प्रेरितों 2) (मत्ती 16:28 की तुलना मरकुस 9:1 से करें)।

मत्ती 24:29-31 की व्याख्या करते हुए, हमें कम से कम तीन बातों का ध्यान रखना चाहिए: (1) यीशु ने कहा कि मत्ती 29 से 31 आयतों की घटना या घटनाएं यरूशलेम के विनाश के ''क्लेश के बाद *तुरन्त*'' होनी थीं (आयत 29)। (2) आयत 34 से संकेत मिलता है कि उस समय की पीढ़ी के जीवनकाल में होने वाली घटना या घटनाएं घटीं।

(3) 29 से 31 आयतों की शब्दावली द्वितीय आगमन के अलावा दूसरी घटनाओं के लिए हो सकती है। इन सब को ध्यान में रखते हुए, हम अब मत्ती 24:29-31 के अर्थ की तर्कसंगत व्याख्या देख सकते हैं:

आयत 29: यरूशलेम और मन्दिर का विनाश होने से यहूदी कौम के पतन का संकेत मिल गया था।

आयत 30क: ''मनुष्य के पुत्र का चिह्न'' मन्दिर का विनाश था।[24] यरूशलेम का विनाश प्रभु की सबसे चौंकाने वाली भविष्यवाणियों में से था-और जिसे उसके सुनने वालों ने पूरे होते देखना था।[25] मन्दिर के पूर्ण विनाश से यह पता चल गया कि यीशु की भविष्यवाणी पूरी हो गई थी और यह कि उस पर भरोसा किया जा सकता है। यह एक ''चिह्न'' था कि वह मसीहा है और इसलिए उस पर विश्वास कर उसकी बात माननी आवश्यक है।

आयत 30ख: यरूशलेम का विनाश होने पर पृथ्वी के कुलों ने शोक करना था।

आयत 30ग: वहां पर, मनुष्य के पुत्र के ''आने'' के लिए अर्थात, संसार के उद्धार के लिए उसकी योजना में बने रहकर सब तैयार होना था। इसलिए यीशु ने कहा कि ''जब ये बातें होने लगें, तो ... तुम्हारा छुटकारा निकट होगा'' (लूका 21:28)।

आयत 31: यदि यहां तक हमारी व्याख्या सही है, तो आयत 31, ग्रेट कमीशन अर्थात सारे संसार में सुसमाचार ले जाने की सांकेतिक भविष्यवाणी है। ''दूतों'' के लिए यूनानी शब्द का अर्थ ''संदेशवाहकों'' है, चाहे वे मनुष्य हों या स्वर्गदूत। परमेश्वर के संदेशवाहकों (सुसमाचार प्रचारकों या इवेंजलिस्टों) ने ''उसके चुने हुओं'' (सुसमाचार को ग्रहण करने वालों) को इकट्ठे करने के लिए सारे संसार में जाना था।

इस ढंग पर पहली बार विचार करने पर हो सकता है कि यह आपको प्रभावित न करे पर इसे ठुकराने से पहले, दो बातों का विचार कर लें: (1) इस व्याख्या में पिक-एण्ड-चूज़ (अर्थात जो पसंद हो उसे चुनना) ढंगों की कुछ कमियों से बचा गया है,[26] और (2) यह व्याख्या पवित्र शास्त्र में कई और जगहों पर सांकेतिक भाषा और इस विषय पर नये नियम की स्पष्ट शिक्षा से बिल्कुल मेल खाती है।

''यह पीढ़ी जाती न रहेगी'' (मत्ती 24:32-35; मरकुस 13:28-31; लूका 21:29-36)

यरूशलेम के विनाश पर अपनी शिक्षा को समेटते हुए यीशु ने ''उनसे एक दृष्टांत कहा'' (लूका 21:29क), ''अंजीर के पेड़ का दृष्टांत'' (मत्ती 24:32, 33; मरकुस 13:28, 29; लूका 21:29-31)। मत्ती 24:33 और मरकुस 13:30 में ''इन सब बातों'' का अर्थ वे बातें हैं, जो यीशु ने ''उजाड़ने वाली घृणित वस्तु'' पर विशेष ज़ोर देते हुए कही थीं (मत्ती 24:15; मरकुस 13:14)-यानी, ''यरूशलेम को सेनाओं से घिरा हुआ'' (लूका 21:20)। जैसे वे अंजीर के वृक्ष के पत्तों को देखकर बता सकते थे कि गर्मियां आने वाली हैं, वैसे ही वे रोमी सेना को निकट आते देखकर बता सकते थे कि यरूशलेम का विनाश

निकट था।[27]

अब हम मुख्य आयत पर आ गए हैं: ''मैं तुम से सच कहता हूं, कि जब तक ये सब बातें पूरी न हो लें, तब तक यह पीढ़ी जाती न रहेगी'' (मत्ती 24:34; देखें मरकुस 13:30; लूका 21:32)। ''ये सब बातें'' का अर्थ पिछली आयत वाला ही है (मत्ती 24:33): अर्थात जो कुछ भी यीशु ने रोमी सेना द्वारा यरूशलेम नगर को घेरने और फिर नष्ट करने पर विशेष ज़ोर देते हुए कहा था।

पिछले पाठ में हमने ज़ोर दिया था कि यूनानी शब्द के अनुवाद ''पीढ़ी'' का मूल अर्थ समय के उस विशेष काल में रहने वाले लोगों के लिए था।[28] मत्ती ने ''पीढ़ी'' शब्द के साथ ''यह'' इस्तेमाल करते हुए इसे वक्ता द्वारा अपने समकालीन लोगों को सम्बोधित करने के अर्थ में बताया (देखें 11:16; 12:41, 42)।[29] यरूशलेम का विनाश यीशु के ये शब्द कहने के चालीस वर्षों के अन्दर-अन्दर, 70 ईस्वी में हो गया था; यह उन लोगों के जीवनकाल में ही हुआ *था,* जिनसे मसीह बात कर रहा था।

क्या यरूशलेम के विनाश की यीशु की भविष्यवाणी पक्की थी? उसने कहा, ''आकाश और पृथ्वी टल जाएंगे, परन्तु मेरी बातें कभी न टलेंगी'' (मत्ती 24:35; देखें मरकुस 13:31; लूका 21:33)। जैसा कि हमने देखा है, मसीह की बातें वैसे ही पूरी हुईं, जैसी उनकी भविष्यवाणी की गई थी।

द्वितीय आगमन (मत्ती 24:36-51; मरकुस 13:32-37)

मत्ती 24:36 से, यीशु ने *अलग* विषय ले लिया। कई संकेत हैं कि उसने ऐसा ही किया:[30] (1) उसने विरोधात्मक ''पर'' के साथ एक नया विषय जोड़ दिया:[31] ''*पर* उस दिन और उस घड़ी के विषय में ...'' (मत्ती 24:36; देखें मरकुस 13:32)। (2) बहुवचन ''उन दिनों'' (मत्ती 24:22, 29; देखें मरकुस 13:20, 24) और एकवचन ''*उस* दिन'' (मत्ती 24:36; देखें मरकुस 13:32) में अन्तर है।[32] (3) मत्ती 24:36 से पहले और बाद की चर्चा में कई अन्तर मिलते हैं।[33] उदाहरण के लिए, अध्याय के पहले भाग में, उसने उन्हें एक ''चिह्न'' दिया, जिससे वे जान सकते थे कि यरूशलेम का विनाश होने वाला है। (यह ''चिह्न'' नगर को रोमी सेना द्वारा घेरने का था [लूका 21:20]।) परन्तु फिर वह एक घटना की चर्चा करने लगा, जिसके बारे में कोई चेतावनी नहीं होनी थी। यह घटना द्वितीय आगमन की थी। अन्य शब्दों में, मत्ती 24:36 में प्रभु अन्ततः मत्ती 24:3 में पूछे गए प्रश्नों के दूसरे भाग कि ''... तेरे आने का, और जगत के अन्त का क्या चिह्न होगा?'' का उत्तर देने को तैयार था।

''पर उस दिन और उस घड़ी के विषय में''
(मत्ती 24:36-41; मरकुस 13:32)।

चेलों ने उसके आने और युग के अन्त के ''चिह्न'' के विषय में पूछा था, पर यीशु ने कहा कि उसके दूसरी बार आने का कोई चिह्न *नहीं* होगा: ''उस दिन और उस घड़ी के

विषय में कोई नहीं जानता; न स्वर्ग के दूत, और न पुत्र, परन्तु केवल पिता'' (मत्ती 24:36; देखें मरकुस 13:32)।[34]

> ... मसीह ... ज़ोर देकर कहता है कि उसे नहीं मालूम कि वह कब आएगा। यदि उसे पता नहीं था, तो वह कोई चिह्न कैसे दे सकता था? भावानुवाद की तरह, मसीह अपने चेलों से कह रहा है, ''हां, कुछ चिह्न हैं जो यरूशलेम और मन्दिर के विनाश की ओर इशारा करते हैं। ... जहां तक मेरे दूसरी बार आने की बात है, मैं केवल इतना ही जानता हूं कि मैं सामर्थ और बड़ी महिमा के साथ बादलों पर आऊंगा। ... मैं तुम्हें कोई विशेष चिह्न नहीं दे सकता क्योंकि मैं खुद नहीं जानता।''[35]

यीशु के द्वितीय आगमन की पहले से कोई चेतावनी नहीं होगी, इसलिए उसके वापस आने पर बहुत से लोग तैयार नहीं होंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे नूह के समय में बहुत से लोग तैयार न होने के कारण जल में बह गए थे:[36] ''... जल-प्रलय से पहिले के दिनों में, जिस दिन तक कि नूह जहाज़ पर न चढ़ा, उस दिन तक लोग खाते-पीते थे, और उन में ब्याह-शादी होती थी'' (मत्ती 24:38; देखें आयतें 37-39)।

खाने, पीने और शादी ब्याह करने की बात करते हुए क्या प्रभु यह कह रहा था कि जीवन की सामान्य गतिविधियों को चलाना गलत है? नहीं, *जब तक हम उसकी वापसी के लिए मन और जीवन से तैयार हैं,* ये सब बातें गलत नहीं हैं। यीशु ने उसके वापस आने के समय खेत में काम करने वाले दो लोगों का उदाहरण दिया। उसने कहा, ''एक ले लिया जाएगा और दूसरा छोड़ दिया जाएगा'' (मत्ती 24:40)। ''ले लिया'' का अर्थ है ''स्वर्ग में परमेश्वर के साथ ले लिया'' (प्रेरितों 1:2, 11 से तुलना करें), जबकि ''छोड़ दिया'' सदा के लिए नरक में परमेश्वर से अलग करना है (2 थिस्सलुनीकियों 1:7-9)।[37] इस उदाहरण वाले दोनों व्यक्ति उस समय पुरुषों द्वारा किए जाने वाले काम कर रहे थे; पर इनमें से एक प्रभु के आने के लिए तैयार था, जबकि दूसरा नहीं।[38] फिर मसीह ने ऐसा ही उदाहरण दिया, जिसमें उस समय स्त्रियों द्वारा किए जाने वाले काम में स्त्रियां लगी हुई थीं (मत्ती 24:41)।

''जागते रहो'' (मत्ती 24:42-51; मरकुस 13:33-37)

मत्ती 24:42-51 में, अन्त में हम उस मुख्य कारण पर आ गए हैं, जिसमें परमेश्वर ने हमारे लिए यह चर्चा रखी है: आपको और मुझे इस संदेश की *आवश्यकता* है। क्योंकि हम नहीं जानते कि यीशु कब वापस आएगा, हमें हमेशा *तैयार* रहने की आवश्यकता है: ''इसलिए जागते रहो, क्योंकि तुम नहीं जानते कि तुम्हारा प्रभु किस दिन आएगा'' (मत्ती 24:42; देखें मरकुस 13:33)। उसका आना रात में चोर के आने की तरह, सेंध लगाने वाले की तरह होगा, जो सब लोगों के बेपरवाह होने के समय आता है (मत्ती 24:43, 44; देखें 1 थिस्सलुनीकियों 5:2; 2 पतरस 3:10)।[39] उसका आना उस स्वामी के अचानक

आने की तरह होगा, जो आकर अपने नौकरों को अविश्वासी पाता है (मत्ती 24:45-51; देखें मरकुस 13:34)।[40] परमेश्वर के प्रत्येक सेवक के लिए यीशु का संदेश यह है:

> इसलिए जागते रहो; क्योंकि तुम नहीं जानते कि घर का स्वामी कब आएगा, सांझ को या आधी रात को, या मुर्गे के बांग देने के समय या भोर को। ऐसा न हो कि यह अचानक आकर तुम्हें सोते पाए और जो मैं तुम से कहता हूं, वही सब से कहता हूं, जागते रहो (मरकुस 13:35-37)।

अगले अध्याय, मत्ती 25 में यीशु ने तैयार रहने की आवश्यकता पर ध्यान देना जारी रखा: दस कुंवारियों के दृष्टांत में, दूल्हे के आने पर पांच तैयार थीं, पर पांच नहीं (आयतें 1-13)। तोड़ों के दृष्टांत में, मसीह ने सिखाया कि एक दिन हम में से हर एक को अपने भंडारीपन का हिसाब देना होगा (आयतें 14-30)। मत्ती 25 अध्याय प्रभु के वापस आने के समय न्याय के दृश्य के साथ समाप्त होता है (आयतें 31-46)। हमारा अगला पाठ ''तैयार होना'' उस अध्याय की समीक्षा के साथ ''मसीह का जीवन, भाग 6'' में आरम्भ होगा।

सारांश

यह पाठ मत्ती 24 पर केन्द्रित है। क्या मैंने इस जटिल अध्याय के बारे में पूछे जाने वाले हर प्रश्न का उत्तर दे दिया है? नहीं, पर उम्मीद है कि कुछ विचार अवश्य दे दिए गए हैं, जिनसे आपको अपने अध्ययन में अतिवाद और सनसनीवाद से बचने में सहायता मिलेगी। जीवन भर विचार करने के बाद भी आपके मन में प्रश्न रहेंगे। मेरे मन में भी हैं।

क्या इसका अर्थ यह है कि हमें इस अध्याय से कुछ शिक्षा नहीं मिल सकती? मैं फिर कहता हूं, उत्तर कड़कती आवाज़ में ''नहीं'' है।[41] नीचे कुछ सच्चाइयां दी गई हैं, जिन्हें हम यरूशलेम के विनाश पर केन्द्रित अध्याय के भाग से सीख सकते हैं:

- परमेश्वर के न्याय से किसी को छूट नहीं है।
- जब परमेश्वर कोई बात कहता है, तो उसका महत्व होता है।
- यीशु जो होने का दावा करता है वही है, क्योंकि विनाश की उसकी भविष्यवाणियां बिल्कुल वैसे ही पूरी हुई थीं। इसलिए आइए हम उसकी प्रेरणा पाए हुए लेखकों के द्वारा कही गई उसकी *हर* बात को सुनें।

कुछ सच्चाइयां जो हम अध्याय के उस भाग में सीख सकते हैं, जिसमें द्वितीय आगमन पर ज़ोर दिया गया है:

- मसीह वापस आ रहा *है*!

- वह किसी भी समय आ सकता है। कोई नहीं जानता कि वह कब आएगा।
- हमें हर समय तैयार रहने की आवश्यकता है, ताकि हम उसे यह कहते सुन सकें, ''हे मेरे पिता के धन्य लोगो, आओ, उस राज्य के अधिकारी हो जाओ, जो जगत के आदि से तुम्हारे लिए तैयार किया हुआ है'' (मत्ती 25:34)!

टिप्पणियां

[1]पिछले पाठ, ''और वह चला गया (1)'' से विचार करें। [2]मुख्य स्रोतों के लिए, देखें 1 मक्काबियों 1:54, 2 मक्काबियों 6:4, 5 (रोमन कैथोलिक बाइबल में); और जोसेफस *एंटिक्विटीज़* 12.5.4. [3]पुराने नियम में ''घृणित'' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर मूर्तिपूजा के लिए होता है। रोमी सिपाही अपने झण्डों पर उकरे चित्रों की पूजा करते थे। जोसेफस ने इस ''घृणित'' के बारे में यहूदियों और रोमियों के बीच होने वाले युद्धों में लिखा है (*एंटिक्विटीज़* 18.3.1; 18.5.3; *वार्ज़* 6.6.1)। [4]यदि आपके बच्चे हैं, तो आप समय पर बच्चों के साथ कहीं जाने की चुनौती का अपना उदाहरण दे सकते हैं। [5]इसके अलावा कई यहूदी मसीहियों का विवेक उन्हें सब्त के दिन सफ़र करने की अनुमति नहीं देता था। [6]देखें जोसेफस *वार्ज़* 5.10.1. [7]देखें यूसब्यूस *एक्लेसियस्टिकल हिस्टरी* 3.5. [8]''भारी क्लेश'' वाक्यांश (यहां से और प्रकाशितवाक्य 7:14 से) को कई प्रीमिलेनियलिस्टों द्वारा मसीह के इस पृथ्वी पर काल्पनिक शासन के तुरन्त पहले सात वर्ष के एक विश्वव्यापी भारी क्लेश की कल्पना की बात सिखाई जाती है। मत्ती 24 में ''भारी क्लेश'' 70 ईस्वी में यरूशलेम का विनाश था। [9]''चुने हुओं'' मसीही लोगों को कहा गया है, जिन्होंने परमेश्वर के पूर्व प्रबन्ध के अनुसार, भाग निकलने में सफलता पाई। [10]यह बदला मसीहा को ठुकराने के कारण परमेश्वर की ओर से दण्ड था।

[11]प्रीमिलेनियलिस्ट ''अन्य जातियों का समय'' के अस्पष्ट वाक्यांश का इस्तेमाल युग के अन्त की अपनी समयसारणी के आवश्यक भाग के रूप में करते हैं, पर याद रखें कि विचाराधीन विषय 70 ईस्वी के यरूशलेम विनाश का है। कई सम्भावित व्याख्याएं दी गई हैं; पर सबसे सरल व्याख्या यही है कि यरूशलेम को रोमियों द्वारा (घेरा डालने के समय) परमेश्वर की योजनाओं और उद्देश्यों के पूरा होने तक ''पांवों तले लताड़ा जाना'' था, नगर के विनाश की भविष्यावणी के पूरा होने का समय आने तक। [12]बहुत पहले, थोड़े समय की घेराबन्दी के समय लोगों द्वारा किए जाने वाले भयंकर कामों के एक उदाहरण के रूप में देखें 2 राजा 6:24-30. [13]जोसेफस ने कहा है कि इस घेराबन्दी के दौरान 11,00,000 लोगों का नाश हुआ और 97,000 बन्दी बनाए गए थे (*वार्ज़* 6.9.3)। परन्तु अधिकतर आधुनिक विद्वानों का मानना है कि जोसेफ़स ने बढ़ा-चढ़ाकर कहा है। [14]जोसेफ़स *वार्ज़* 5.11.1. [15]जे. नौर्वल गैल्डहाइस, ''लूक,'' *द बिब्लिकल एक्सपोज़िटर,* सं. कार्ल एफ़. एच. हैनरी. (फिलाडेल्फिया: हौलैमन, 1960), 3:141. [16]मन्दिर के कुछ सोने के बारे में, ''और वह चला गया (1)'' पाठ देखें। [17]ट्रुथ फ़ॉर टुडे के अंग्रेज़ी संस्करण (जून 2001) में भाई वेन जैक्सन ने दानिय्येल, 2 में विवरण देते हुए इस विवरण का हवाला हैरी थॉमस फ्रैंक, *ऐन आरकियोलॉजिकल कम्पैनियन टू द बाइबल* (लंदन: एस. सी. एम. प्रैस, 1972), 249 का हवाला दिया है। [18]प्रसिद्ध ''विलाप की दीवार'' सहित मसीह के समय के यरूशलेम की केवल कुछ ही दीवारें बची हैं। यहूदी मन्दिर वाले स्थान पर अब मस्जिद बन गई है, जिसे ''द डूम ऑफ़ द रॉक'' नाम दिया गया है। [19]मत्ती 24:24 ध्यान देने योग्य है: यीशु ने कहा कि झूठे मसीह ''बड़े चिह्न, और अद्भुत काम दिखाएंगे कि यदि हो सके तो चुने हुओं [अर्थात मसीही लोगों] को भी भरमा दें।'' ''आश्चर्यकर्म करने'' की योग्यता अपने आप में इस बात का चिह्न नहीं था, कि कोई परमेश्वर द्वारा स्वीकृत है। सिखाने वाले का जीवन और शिक्षा परमेश्वर के प्रकाशन के साथ मेल खाती होनी आवश्यक है। [20]मत्ती 24:27 यरूशलेम पर न्याय के लिए मसीह के आने के समय को कहा जा सकता है; परन्तु

संदर्भ में यह उसके व्यक्तिगत आने अर्थात उसके द्वितीय आगमन की बात लगती है। यीशु ''यहां'' या ''वहां'' की अस्पष्टता से इस बात में अन्तर करता लगता है कि द्वितीय आगमन जब हुआ तो सब लोगों को दिखाई देगा।

[21]ऐसा हुआ भी। किसी ने लिखा है कि रोमी घेराबन्दी के समय पलिश्तीन में गिद्धों की संख्या दोगुनी हो गई थी। परन्तु किसी ने ध्यान दिलाया है कि यूनानी शब्द के अनुवाद ''गिद्धों'' का अनुवाद ''बाज़ों'' भी हो सकता था। उनका मानना है कि प्रभु रोमी मापदण्डों की चोटी पर बाज़ के चिह्न की बात कर रहा था। [22]''और वह चला गया (1)'' पाठ को फिर से पढ़कर आप अपोक्लिपटिक या अप्रामाणिक भाषा पर विचार करें। [23]ऐसी शब्दावली योएल 2:28-32 में भी इस्तेमाल की गई है, जिसे नई वाचा के आरम्भ के सम्बन्ध में प्रेरितों 2:16:21 में उद्धृत किया गया है। इसे ''आकाश में'' चिह्न कहा गया क्योंकि यह परमेश्वर की ओर से चिह्न था जिसे सब देख सकते थे। [25]सुसमाचार के समानान्तर वृत्तांत 70 ईस्वी से *पहले* लिखे गए। [26]अर्थात कुछ ढंगों में व्याख्याकार को स्वेच्छा से निर्णय लेने की अनुमति मिल जाती है कि कोई विशेष आयत यरूशलेम के विनाश की बात कर रही है या द्वितीय आगमन की। [27]मत्ती और मरकुस के वृत्तांतों में ''तो जान लो कि *वह* निकट है'' है (मत्ती 24:33; मरकुस 13:29)। यानी समझ लो कि यरूशलेम पर न्याय के लिए प्रभु ''आ रहा'' है। लूका के वृत्तांत में है, ''जान लो कि *परमेश्वर का राज* निकट है'' (लूका 21:31)। नये नियम में ''राज्य'' शब्द के दो सबसे अधिक सामान्य उपयोग कलीसिया और स्वर्ग के सम्बन्ध में हैं। यरूशलेम के विनाश के समय, कलीसिया को बने 40 वर्ष के लगभग हो गए थे, सो यह कलीसिया की बात नहीं है। दूसरी ओर, यदि कोई इस शब्द का अर्थ ''स्वर्ग'' निकालता है (अर्थात, इस संसार का अन्त), तो अगली आयत की समस्या है, जो कहती है कि ''जब तक ये सब बातें न हो लें, तब तक इस पीढ़ी का कदापि अन्त न होगा'' (लूका 21:32)। बहुत से लोग इस दुविधा का ''हल'' ''पीढ़ी'' शब्द का अर्थ इसके सामान्य अर्थ से अलग लगाकर करने का प्रयास करते हैं। (इस और पिछले पाठ में ''पीढ़ी'' शब्द के अर्थ पर चर्चाएं देखें।) सबसे अच्छा समाधान शायद ''राज्य'' शब्द को इसके मूल अर्थ ''लोगों के मनों में परमेश्वर का शासन'' में लेना है। इसका अर्थ यह हुआ कि यह आयत सुसमाचार के फैलाव तथा लोगों को परमेश्वर के लोग बनाने की इसके ढंग के लिए हो सकती है (कुलुस्सियों 1:13)। [28]''पीढ़ी'' अभिव्यक्ति का इस्तेमाल मत्ती की पुस्तक में तेरह बार किया गया है (1:17; 11:16; 12:39, 41, 42, 45; 16:4; 17:17; 23:36; 24:34); इसमें न सब में किसी के जीवन काल का संकेत मिलता है। [29]एफ़. फरमैन किर्ली, ''ऐन ऐक्सजेसिस ऑफ़ मैथ्यू 24,'' *अबिलेन क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी लैक्चर्स* (1980): 130. [30]एक स्पष्ट संकेत यह है कि मत्ती 24:36 विचार की एक रेखा देती है, जो पुरुषों और स्त्रियों के स्वर्ग या नरक में भेजे जाने के साथ समाप्त होती है (25:46)। यरूशलेम के विनाश के समय यह *नहीं* हुआ था।

[31]यूनानी शब्द के अनुवाद ''पर'' के लिए मूल शब्द *de* है। [32]''उस दिन'' मत्ती द्वारा न्याय के दिन के लिए कहीं और इस्तेमाल किया गया है (7:22)। [33]पृष्ठ 168 पर चार्ट 1: मत्ती 24 में भिन्नताएं देखें। [34]मत्ती 24:36 का इस्तेमाल यीशु के पृथ्वी पर आकर मनुष्य का रूप धारण करने के ईश्वरीय विशेषाधिकार के एक उदाहरण के रूप में किया जा सकता है। [35]किर्ली, 131-32. [36]नूह ने बताया था कि जल प्रलय आ रही है, परन्तु उन्होंने उस पर विश्वास नहीं किया। इसलिए उनका जीवन वैसे ही चलता रहा। आज यद्यपि बाइबल सिखाती है कि प्रभु दोबारा आएगा परन्तु अधिकतर लोग वचन की चेतावनियों पर ध्यान नहीं देते। इसलिए वे बिना तैयारी के पकड़े जाएंगे। [37]प्रीमिलेनियलिस्ट अर्थात हज़ार वर्ष के राज्य की शिक्षा देने वाले अपनी शिक्षा में मत्ती 24:40, 41 को मिला लेते हैं, उसे ''रैपचर'' का नाम देते हुए सिखाते हैं कि जब मसीह दोबारा आएगा, तो तैयार लोग उसके साथ बादलों में उठा लिए ''जाएंगे'' जबकि जो तैयार नहीं हैं, उन्हें सात वर्ष के महाक्लेश के काल के लिए पृथ्वी पर ''छोड़'' दिया जाएगा। बाइबल ''क्लेश'' के काल के बाद ऐसे किसी ''रैप्चर'' की बात नहीं बताती (फिलिप्पियों 2:6, 7)। [38]इसका स्पष्ट संकेत है। [39]जो लोग प्रभु के आने के समय को ठहराने का प्रयास करते हैं उन्हें मत्ती 24:44 को याद कर लेने की आवश्यकता है। उन्हें *लगता है* कि वे ''समय के चिह्नों'' को देखकर भविष्यवाणी कर सकते हैं कि उसका आना निकट है, पर उसने यह कहा है कि वह तब आएगा जब ''तुम *सोचते* भी नहीं हो''! स्टैफर्ड नॉर्थ द्वितीय आगमन पर बोलते हुए ज़ोर देते हैं कि यह ''रात के समय चोर के आने की तरह'' होगा। वह अपने सुनने वालों को कई बार यह शब्द ज़ोर से दोहराने के

लिए कहते हैं।[40]इसे आम तौर पर ''विश्वासी सेवक और दुष्ट सेवक का दृष्टांत'' कहा जाता है।

[41]रॉबर्ट्सन ने लिखा है, ''... हम शिक्षा की सामान्य धारा को पकड़कर समय की विस्तृत जानकारी को छोड़ते हुए वहां रख सकते हैं, जिसके विरुद्ध स्वयं यीशु ने चेतावनी दी।'' (ए. टी. रॉबर्ट्सन, *ए हारमनी ऑफ़ द गॉस्पल्स फ़ॉर स्टूडैंटस ऑफ़ द लाइफ़ ऑफ़ क्राइस्ट* [न्यू यॉर्क: हार्पर एण्ड रोअ, 1950], 173)।